DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE

PERIODIC TEST-I, SESSION (2023-24)

- Please check that this question paper contains 3 printed pages.
- Check that this question paper contains 8 questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.

CLASS: VI

SUBJECT: LOWER.HINDI

Time Allowed: 1½ Hours **Marks:40**

सामान्य निर्देश:

- इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क , ख, और घ
- सभी खंड अनिवार्य हैं ।
- सभी प्रश्नो के उत्तर क्रमानुसार सही ढंग से उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।
- **खंड घ** में अच्छे पाठक बोनस योजना पर आधारित प्रश्न दिये गए हैं।

खंड - क (अपठिक बोध)

Q1.निम्नलिखित गदयांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 1x5=5

माउंट आबू 1200 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। यहाँ एक छोटी-सी झील है, जिसका नाम नक्की झील है। यह राजस्थान की सबसे ऊँची मीठे पानी की झील है। मान्यता है कि देवताओं ने अपने नाखूनों से खोदकर इसका निर्माण किया था। पहले इसे नख झील के नाम से जाना जाता था। यह झील हरी-भरी पहाड़ियों से घिरी हुई है। सरदियों में यह झील अकसर जम जाती है। झील के चारों ओर की पहाड़ियाँ बहुत खूबसूरत हैं। यह झील माउंट आबू का दिल मानी जाती है। सूर्यास्त के समय आसमान में बदलते रंगों का नज़ारा देखने के लिए यहाँ प्रतिदिन हज़ारों की संख्या में पर्यटक आते हैं

(i) माउंट आबू किस राज्य में स्थित है ?

(ii) नक्की झील कहाँ पर स्थित है ?

(iii) नक्की झील को पहले किस नाम से जाना जाता था ?

(iv) नक्की झील किससे घिरी हुई है?

(v) यहाँ प्रतिदिन हज़ारों की संख्या में पर्यटक क्यों आते हैं?

Q2.किसी एक विषय पर 80 से 100 अनुच्छेद लिखिए । **5x1=5**

(क) राष्ट्रीय पक्षी मोर **(ख)** प्रिय त्योहार

खंड - ख (व्याकरण)

Q3.(क)निम्नलिखित शब्दों में से नाम वाले शब्द चुनकर लिखिए । **1x2=2**

पेड़ , हँसना , घोंसला , जाता

(ख)निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए । **1x2=2**

(i) मेहनत (ii) सहसा

(ग)निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । **1x2=2**

(i) नया (ii) बड़ा

(घ)निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए । **1x2=2**

(i) कुत्ता (ii) टोकरी

(ड़) स्त **और** स्स **से एक -एक शब्द लिखिए ।** **1x½=1**

(च) उचित स्थान पर चंद्रबिंदु लगे हुए शब्द चुनकर लिखिए । **1x½=1**

यँहा , मुँह , आखेँ , हँसते

खंड - ग (पाठ्य पुस्तक)

Q4.दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए । **1x6=6**

(क) सहसा कौवे ने क्या देखा ?

(ख) हाथी और किसके बीच में झगडा हो गया था ?

(ग) कौवा क्या ढूँढ न पाया ?

(घ) हाथी ने एक पेड़ के तने पर क्या लपेटी ?

(ड) दीपक का कितना जन्मदिन था ?

(च) पिल्ले का नाम क्या था ?

Q5.दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । **1x5=5**

(क) अम्मा दीपक के लिए क्या बना रही थी ?

(ख) एक दिन चिड़िया अपने लिए क्या बना रही थी ?

(ग) **चतुर कौवा** कविता के कवि का नाम क्या है ?

(घ) रात को लालू कहाँ सोता था ?

(ड) चिड़िया पत्ता क्यों नहीं उठा पा रही थी ?

Q6.दिए गए प्रश्नों के उत्तर (25 -30) शब्दों में लिखिए । **2x3=6**

(क) हाथी की ताकत को देखकर आदमी ने क्या किया ?

(ख) पुलिस ने दीपक की पीठ क्यों थपथपाई?

(ग) कौवे को सफलता कैसे मिली?

Q7.दिए गए प्रश्नों के (कोई एक) उत्तर (40 -50) शब्दों में लिखिए । **3x1=3**

(क) आप अपने आस -पास के पशु -पक्षियों की मदद कैसे कर सकते है ?

(ख) अपनी धरती को हरी-भरी बनाने के लिए आप क्या करेंगे?

खंड - घ (अच्छा पाठक योजना)

Q8 दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । **1x4=4**

(क) एक ढोलकिया किसके साथ गाँव में रहता था ?

(ख) धोबी रोज़ गंदे कपड़े की गठरी किस पर लादकर नदी पर धोने के लिए ले जाता था?

(ग) किसान ने जादुई हंस किसे बेच दिया ?

(घ) राजा ने शाही हाथी के रहने के लिए क्या बनवाया ?